JUBILANT LIFESCIENCES

January 18, 2018

**BSE Limited**
Floor 25, P. J. Towers
Dalal Street, Fort
**Mumbai - 400 001**

**National Stock Exchange of India Limited**
Exchange Plaza
Bandra Kurla Complex
Bandra (E)
**Mumbai - 400 051**

Dear Sirs,

**Sub.: Submission of copies of published Unaudited Consolidated Financial Results**

In continuation of our letter dated January 17, 2018, we enclose copies of the Unaudited Consolidated Financial Results for the quarter ended December 31, 2017 published on January 18, 2018 in MINT (English) and HINDUSTAN (Hindi).

This is for information and records.

Thanking you,

Yours faithfully,
For Jubilant Life Sciences Limited

Rajiv Shah
Company Secretary

Encl.: as above

A Jubilant Bhartia Company

OUR VALUES
INSPIRE CONFIDENCE
ALWAYS STRETCH
NURTURE INNOVATION
EXCELLENT QUALITY

**Jubilant Life Sciences Limited**
1-A, Sector 16-A,
Noida-201 301, UP, India
Tel:+91 120 4361000
Fax:+91 120 4234895-96
www.jubl.com

Regd Office:
Bhartiagram, Gajraula
Distt. Amroha - 244 223,
UP, India
CIN : L24116UP1978PLC004624

# साग-पात खाकर 67 की उम्र में उठाते हैं 130 किलो वजन

हिन्दुस्तान नेटवर्क

बरेली | वरिष्ठ संवाददाता

67 वर्ष की उम्र में लोग भारी भरकम कार्यों को तिलांजलि दे देते हैं। मगर, बरेली के रामपुर गार्डन में रहने वाले भगवान अग्रवाल इतनी उम्र में भी 130 किलोग्राम वजन उठाकर बैठकें लगाते हैं। मीट-मछली से दूर रहने वाले भगवान की डाइट में सिर्फ साग-पात और दूध शामिल है। उनकी क्षमता और दमखम को देखकर सब उनको महाबली भगवान कहते हैं। वे एक दिन बाद शुरू होने वाली राष्ट्रीय मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में उत्तर प्रदेश की वेटरन टीम की तरफ से शिरकत करने वाले हैं।

पेशे से व्यापारी भगवान 1971 से पावर लिफ्टिंग और वेट लिफ्टिंग कर रहे हैं। 1974 में उन्होंने पहली बार नॉर्थ इंडिया में सिल्वर मेडल जीता था। उनके चार बेटे हैं। बड़ा बेटा 45 वर्ष का है। वो रोजाना दो घण्टे प्रैक्टिस करते हैं। पावर लिफ्टिंग में भगवान अग्रवाल तमाम युवा खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ देते हैं। वे अब 130 किलो वजन के साथ बैठक लगाते हैं। बेल्ट प्रेस के दौरान वो 90 किलोग्राम तक वजन उठा ले लेते हैं। जबकि डेड लिफ्ट के दौरान वो 135 किलोग्राम तक वजन उठा लेते हैं।



67 वर्ष की उम्र में 130 किलोग्राम का वजन उठाने वाले बुजुर्ग भगवान वजन उठाकर प्रतियोगिता के लिए अभ्यास करते हुए। • हिन्दुस्तान

### महाराष्ट्र में उठाएंगे खिलाड़ियों का दर्द

भगवान ने बताया कि वो महाराष्ट्र में प्रतियोगिता के दौरान बरेली के खिलाड़ियों का दर्द भी सबके सामने लाएंगे। बरेली में अरसे से पावर लिफ्टिंग की एसोसिएशन सक्रिय नहीं है। इससे खिलाड़ियों को स्टेट और नेशनल प्रतियोगिताओं की जानकारी नहीं मिल पाती है, तमाम खिलाड़ियों का करियर बिना नेशनल खेले खत्म हो जा रहा है।

### नागपुर में होगी प्रतियोगिता

जिस राष्ट्रीय मास्टर पावर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में भगवान भाग लेने जा रहे हैं उसका आयोजन 19 जनवरी से 23 जनवरी तक नागपुर (महाराष्ट्र) में होगा। डाइट के बारे में पूछने पर कहते हैं कि शाकाहारी डाइट में बड़ी ताकत होती है। इसलिए वो शाकाहार ही पसंद करते हैं। युवा खिलाड़ियों को भी शाकाहार के लिए प्रेरित करते हैं। अपनी फिटनेस के लिए भगवान अग्रवाल कोच सुनील भाटिया को धन्यवाद देते हैं। सुनील एक हेल्थ क्लब के डायरेक्टर है।20 वर्ष से उनको ट्रेनिंग दे रहे हैं। सुनील ने मुझे शारीरिक मजबूती के साथ ही मानसिक रूप से मजबूत रहने की भी ट्रेनिंग दी है।

## सिस्टम रास नहीं आया तो दरोगा का इस्तीफा

**मथुरा।** रुतबेदार समझी जाने वाली पुलिस की नौकरी प्रशिक्षु दरोगा को रास नहीं आई। पुलिस विभाग में हरस्तर पर भ्रष्टाचार और अधिकारियों का रवैया सही न होने का आरोप लगाते हुए चार माह पूर्व नौकरी में आए उपनिरीक्षक ने इस्तीफा दे दिया।

बुलंदशहर के गांव बांहपुर निवासी अश्विन कुमार की दरोगा के पद पर वर्ष-2011 में भर्ती हुई थी, लेकिन कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने के बाद 2017 में तैनाती मिली। एक सितम्बर को उन्हें प्रक्षिशु दरोगा के रूप में मांट थाने में तैनाती मिली। इसके बाद दरोगा ने खुद को असहज महसूस करते हुए त्यागपत्र देने का निर्णय ले लिया।

आईना

## उत्तरी राज्यों के मंत्रियों की आज बैठक

**लखनऊ।** देश के उत्तरी राज्यों के समाज कल्याण और अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रियों की बैठक गुरुवार को होगी। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक का शुभारम्भ प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। बैठक में उत्तराखण्ड, हरियाणा, बिहार, दिल्ली, पंजाब, जम्मू एवं कश्मीर, चण्डीगढ़ और हिमाचल प्रदेश से समाज कल्याण एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री और इन राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

## 1000 नई बसों के टेंडर को एमडी ने दी मंजूरी

**लखनऊ।** इस वर्ष परिवहन निगम के बस बेड़े में एक हजार और नई बसें शामिल होंगी। बोर्ड बैठक में रखे गए प्रस्ताव पर मंजूरी मिलने के बाद एमडी पी गुरु प्रसाद ने बुधवार को टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की मुहर लगा दी। एक हजार नई बसों की चेचिस खरीद में 650 साधारण बसों के अलावा 250 सीएनजी बसें और सौ बसें सस्ती एसी सेवा की जनरथ बसों को चेचिस खरीद प्रक्रिया में शामिल किया गया है। अधिकारियों ने बताया कि नई बसों को इसी वित्तीय वर्ष में खरीदा जाएगा।

## उत्तराखंड में अगले हफ्ते हो सकती है बारिश

**देहरादून।** आगामी 23 जनवरी को प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। इसके साथ ही ऊंचाई वाले इलाकों में हिमपात भी हो सकता है। बारिश होने से मैदानी इलाकों में तापमान दो डिग्री तक गिर सकता है। प्रदेश में बारिश न होने के चलते सूखे जैसी हालत हो गई है। वहीं, हिमपात भी औसत से बेहद कम हुआ है। बारिश-बर्फबारी न होने से सेब बागवानों और किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें उभर आई हैं

## वैशाली एक्सप्रेस में महिला यात्री की मौत

**बस्ती।** दिल्ली से वैशाली एक्सप्रेस से पति के साथ बरौनी अपने मायके जा रही एक महिला की बुधवार को सुबह ट्रेन में मौत हो गई। वैशाली डाउन एक्सप्रेस से बेगूसराय स्थित साहबेपुर सोंदेपी के सोनू पत्नी प्रीति के साथ दिल्ली से बरौनी जा रहे थे।

## कांग्रेस ने हज सब्सिडी खत्म करने का स्वागत किया

**लखनऊ।** हज सब्सिडी खत्म करने के केन्द्र सरकार के फैसले का प्रदेश कांग्रेस के उपाध्यक्ष सिराज मेंहदी ने स्वागत किया है। मेंहदी पार्टी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन भी हैं। उन्होंने बुधवार को एक बयान में कहा कि यह मुद्दा पहले उठाया जाना चाहिए था और यूपीए की केन्द्र सरकार ने इसपर पहले ही कोशिश की थी। सरकार ने कहा है कि इस धन को शिक्षा पर व्यय किया जाएगा।

पुराने नोट बदलवाने वाले नेटवर्क की जांच जारी, प्रमुख एंजेसियों की संयुक्त कार्रवाई

# कालेधन की सबसे बड़ी बरामदगी

कलंक के खिलाफ

कानपुर | वरिष्ठ संवाददाता

कानपुर में देशभर की सबसे बड़े कालेधन की बरामदगी हुई। एनआईए, पुलिस और क्राइम ब्रांच की टीम ने तीन होटलों और एक बड़े बिल्डर के ऑफिस व घर पर छापेमारी कर 96.62 करोड़ रुपये का कालाधन बरामद किया है। बरामद करंसी में 500 और 1000 के पुराने नोट हैं।

इससे पहले चेन्नई में 90 करोड़ रुपये की पुरानी करंसी बरामद हुई थी। लगातार 24 घंटे से अधिक समय तक चली इस कार्रवाई में कानपुर पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। कालेधन के खिलाफ पुलिस, क्राइम ब्रांच और एनआईए का अब तक का सबसे बड़ा सर्च ऑपरेशन बताया जा रहा है। एनआईए के इनपुट पर मंगलवार रात पुलिस टीमों ने एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। पुलिस ने शहर के तीन होटल खंगाले।

यहां से नोटों के सौदागर पकड़ने के बाद उनकी निशानदेही पर स्वरूप नगर स्थित बिल्डर के घर, दफ्तर पर छापेमारी की गई। बिल्डर के बंगले से 1000 और 500 के 96.62 करोड़ की पुरानी करंसी बरामद की गई। पुलिस की सूचना पर आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय समेत अन्य वित्तीय संस्थाओं जांच की। होटल से पकड़े गए लोगों से पूछताछ के आधार पर पुलिस ने बुधवार दोपहर तक 16 लोगों को अलग-अलग स्थानों से दबोच लिया। उर्सला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण के बाद सभी को जेल भेज दिया। आईजी रेंज आलोक कुमार सिंह ने बताया कि आरोपियों के पास से बरामद पुरानी करंसी के नेटवर्क के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। अभी यह नहीं पता चल सका कि पुराने नोट कैसे एक्सचेंज किए जाते।



कानपुर में बरामद पुराने नोटों को बक्से में भरकर थाने ले जाती पुलिस।

## अलीगढ़ में 50 लाख के नोट मिले

**अलीगढ़।** नोटबंदी के एक साल बाद भी पुरानी करंसी के मामले सामने आ रहे हैं। मंगलवार रात 50 लाख की पुरानी करंसी के साथ पुलिस ने किराना व्यापारी समेत पांच लोगों को भी गिरफ्तार किया। व्यापारी पांच लाख रुपये में 50 लाख की पुरानी करंसी देने को राजी था। मोटे कमीशन के चक्कर में चार लोग पुरानी करंसी को बदलवाने की कवायद में जुटे हुए थे।

# ‘लापता’ 8900 करोड़ का हिस्सा है कानपुर से बरामद 96 करोड़

जांच जारी

कानपुर | प्रमुख संवाददाता

नोटबंदी के बाद बाजार में ‘लापता’ 8900 करोड़ रुपए की तलाश कर रही एनआईए, आरबीआई और आयकर निदेशालय जांच को कानपुर से मिले 96 करोड़ रुपए ने नए सुराग दे दिए हैं। अभी तक की पड़ताल में साफ हो गया है कि बरामद 96 करोड़ रुपए की पुरानी करंसी 89 अरब रुपए का हिस्सा है, जो कभी बैंक तक नहीं पहुंचे।

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नोटबंदी की घोषणा के बाद आरबीआई ने बताया कि नोटबंदी के बाद 1000 रुपए और 500 रुपए के करीब 99 प्रतिशत नोट वापस आए हैं। कुल 15.44 लाख करोड़ के पुराने नोट बंद हुए थे। इनमें से 15.35 लाख करोड़ की रकम बैंकों में लौटी है। नोटबंदी के बाद पुराने 1,000 और 500 रुपए के कुल 632.6 करोड़ नोटों में से 1.4 प्रतिशत यानी 8900 करोड़ रुपए नोट वापस नहीं लौटे हैं।

माना जा रहा है कि ये बरामदगी 8900 करोड़ रुपए का ही हिस्सा हैं। खत्री बंधुओं से बरामद 96 करोड़ रुपए की पुरानी करंसी के साथ अब कानपुर पर खास फोकस हो गया है। इस खुलासे के बाद जुटाए गए तथ्यों से जो लिंक मिले हैं, उससे पता चल रहा है कि शहर में अभी भी 800 करोड़ रुपए की पुरानी करंसी दफन है।

### 483 करोड़ का लगेगा जुर्माना

**कानपुर।** 96 .62 करोड़ रुपए से ज्यादा पुरानी करंसी पकड़े जाने के बाद आयकर विभाग ने बिल्डर और कपड़ा कारोबारी श्याम खत्री और आनंद खत्री के तीन ठिकानों पर छापे मारे। पुरानी करंसी की यह अबतक की देश की सबसे बड़ी बरामदगी है। आयकर विभाग के लिए पुराने नोटों की वैल्यू शून्य है।

## यूपी का रोड शो आज अहमदाबाद में

**लखनऊ।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री दिनेश शर्मा गुरुवार 18 जनवरी 2018 को सुबह 11 बजे अहमदाबाद के होटल क्राउन प्लाजा में उत्तर प्रदेश इन्वेस्टर्स समिट-2018 के तहत होने वाले रोड शो के मुख्य अतिथि होंगे। रोड शो को औद्योगिक विकास मंत्री सतीश महाना और गन्ना विकास व चीनी उद्योग राज्य मंत्री सुरेश राणा भी संबोधित करेंगे।

# राम मंदिर मुद्दे पर राय स्पष्ट करे केंद्र

हरिद्वार | मुख्य संवाददाता

विश्व हिन्दू परिषद की राज्य कार्यकारिणी की दो दिवसीय बैठक के समापन पर श्रीराम मंदिर निर्माण के साथ ही गाय और किसान को बचाने का संकल्प लिया गया। साथ ही वरिष्ठ नेताओं ने कार्यकर्ताओं को संगठन विस्तार व संगठन को आर्थिक रूप से मजबूत करने का मूलमंत्र दिया।

### विहिप की बैठक

- कहा, हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा संकल्प है श्रीराम मंदिर
- पदाधिकारियों ने गाय और किसान को बचाने का संकल्प लिया

कहा कि श्रीराम मंदिर कोई मुद्दा नहीं बल्कि करोड़ों हिन्दुओं की आस्था से जुड़ा एक संकल्प है। जिसे हर हाल में पूरा करके ही विहिप दम लेगी।

विहिप नेताओं ने कहा कि अब श्री राम मंदिर निर्माण का समय आ गया है। निर्माण के दौरान विरोधी कुछ भी कर सकते हैं, इसलिए हमें तैयार रहना होगा। पदाधिकारियों ने कहा कि ईष्ट देव जाप के जरिए हिन्दुओं को जोड़कर उन्हें मंदिर निर्माण का संकल्प दिलाया जाएगा। कहा कि केंद्र सरकार को भी इस मसले पर स्पष्ट राय बतानी चाहिए।

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
कार्य की निविदा नोटिस सं. – 227/डी.आर.एम./एम.बी./17–18 दि. 20.12.2017 के द्वारा आमंत्रित की गई थी जिसकी खुलने की तिथि 30.01.2018 है। निविदा की शर्तों में परिवर्तन किया गया है जो कि वैबसाइट पर उपलब्ध है। अतः निविदा दाता अपनी निविदा प्रस्तुत करते समय समस्त नियम व शर्तों को ध्यान में रखते हुए अपनी निविदा प्रस्तुत करें।
210/2018
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

दि किसान सहकारी चीनी मिल्स लि. गजरौला-हसनपुर (अमरोहा)
ई-बिड सूचना
मिल द्वारा सत्र 2017-18 की उत्पादित लूज़ बैगास का विक्रय, इण्डस्ट्रीयल गैस आपूर्ति, लैदर शूज की आपूर्ति एवं बैगास की गॉठ बनाने तथा एल०आर०बी०पैठ की आपूर्ति हेतु दिनांक 31.01.2018 तक प्रतिष्ठित फर्मों एवं अनुभवी ठेकेदारों से आन लाइन ई-बिड http://etender.up.nic.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं, जोकि उक्त तिथि को आन लाइन खोली जायेगी। धरोहर राशि एवं समय आदि का पूर्ण विवरण http://etender.up.nic.in की वेबसाइट पर उपलब्ध है।
(एस.के. सराफ) प्रधान प्रबन्धक

रेल विकास निगम लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)
RAIL VIKAS NIGAM LIMITED
(A Government of India Enterprise)
निविदा हेतु आमंत्रण
आईएफबी सं.: 2018/आरवीएनएल/बीएसबी/जीबी-जीसीटी/वायाडक्ट दिनांकः 18.01.2018
**कार्य का नामः** रेल सह सड़क पुल गाजीपुर के दोनो एप्रोचों पर मऊ से ताड़ीघाट के बीच नई बड़ी लाइन से सम्बन्धित रोडबेड, वायाडक्ट, प्रमुख एवं छोटे पुलों, आरयूबी, आरओबी, रेल पटरी जोड़ना (रेलों तथा मेन लाइन स्लीपरों की आपूर्ति छोड़कर) एवं समान्य विद्युतीय कार्य जो उत्तर पूर्व रेल के वाराणसी मंडल एवम् पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल, उत्तर प्रदेश (भारत) में निर्माण कार्य हेतु।
**कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 321.14 करोड़। **बोली दस्तावेज की कीमतः** रु. 20,000/-। **बोली जमानत राशिः** रु. 2 करोड़। **बोली जमा करने की अंतिम तारीखः** 07.03.2018 को पूर्वाह्न 11.00 बजे।
और अधिक विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.rvnl.org अथवा सेंट्रल पब्लिक प्रोक्योरमेंट पोर्टल www.eprocure.gov.in देखें।
**सम्पर्क व्यक्तिः** मुख्य परियोजना प्रबंधक/आरवीएनएल, वाराणसी, मोबाइल नं. 9934589340
मुख्य परियोजना प्रबंधक
आरवीएनएल/वाराणसी

उत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
कार्य की निविदा नोटिस सं. – 213/डी.आर.एम./एम.बी./17–18 दि. 24.11.2017 के द्वारा आमंत्रित की गई थी जिसकी खुलने की तिथि 30.01.2018 8:00 hrs के स्थान पर 30.01.2018 16 hrs को खोली जायेगी। निविदा की नियम व शर्तें पूर्व रहेंगी। 211/2018
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 (यू.पी.आर.एन.एस.एस.लि.)
राजकीय निर्माण एजेंसी
जी–4/5बी, सेक्टर–4 गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226010
फोन नं0 : 7991203501, 7991203502
पत्रांकः सी0 178 दिनांकः 17, जनवरी, 2018
ठेकेदारों के पंजीकरण/सूचीबद्धता हेतु सूचना
उ0प्र0 राज्य निर्माण सहकारी संघ लि0 में भवन निर्माण हेतु ठेकेदारों को पंजीकरण / सूचीबद्ध करने हेतु दिनांक 15.02.2018 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में विस्तृत विवरण एवं आवेदन का प्रारूप संस्था की वेबसाइट www.uprnss.org पर उपलब्ध है।
मुख्य अभियन्ता

## लखनऊ में पुलिस भर्ती के चार अभ्यर्थी गोमती में कूदे



34 हजार पुलिस भर्ती प्रक्रिया पूरी करने की मांग को लेकर अभ्यर्थियों ने बुधवार को लखनऊ में चक्का जाम कर दिया। • हिन्दुस्तान

**लखनऊ।** मेरिट बेस्ड पुलिस भर्ती प्रक्रिया संपन्न कराने एवं मेडिकल और नियुक्ति पत्र की मांग को लेकर लगभग दो साल से इंतजार कर रहे अभ्यर्थियों ने बुधवार को राजधानी का चक्का जाम कर दिया। पूरे प्रदेश से हजारों की संख्या में चारबाग पहुंचे अभ्यर्थियों ने लक्ष्मण मेला पार्क धरना स्थल पहुंचकर धरना दिया। इसी मौके पर प्रदर्शन का हिस्सा बने चार अभ्यर्थियों ने गोमती में छलांग लगा दी।

हालांकि, मौके पर मौजूद अभ्यर्थियों व पुलिस की मदद से चारों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। खेल के बीच में खेल के नियम जैसे बदले नहीं जा सकते, वैसे ही एक भर्ती प्रक्रिया पूरी किये बिना दूसरी भर्ती प्रक्रिया कराना पूरी तरह से अनुचित है।

उत्तर प्रदेश पुलिस सिपाही भर्ती के प्रदेश अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह ने यह बताते हुए कहा कि सपा सरकार में पुलिस भर्ती नियमावली में बदलाव कर मेरिट बेस्ड सिपाही भर्ती प्रक्रिया मामला कोर्ट जाने के बाद लगभग दो साल से लंबित था। वहीं, वर्तमान सरकार ने 41520 सिपाहियों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने के शासनादेश जारी कर दिया।

# निगम व पालिकाएं नहीं चलाएंगी स्लाटर हाउस

कैबिनेट के फैसले

लखनऊ | प्रमुख संवाददाता

राज्य में चल रही पशु वधशालाएं शहरों से बाहर करने के साथ ही अब नगर निगम और नगर पालिकाएं किसी पशु वधशाला (स्लाटर हाउस) का संचालन नहीं करेंगी। मंत्रिपरिषद ने इस आशय का फैसला किया है। इसके लिए उ.प्र. नगर पालिका अधिनियम-1916 तथा उ.प्र. नगर निगम अधिनियम-1959 में संशोधन किया गया है।

स्लाटर हाउसों को आबादी से बाहर रखने का फैसला पहले से है। प्रदेश सरकार ने अब स्लाटर हाउसों के संचालन से नगर निगमों और नगर पालिकाओं को पूरी तरह अलग कर दिया है। स्लाटर हाउसों का संचालन पीपीपी मोड पर किया जाएगा। नगर निगम और नगर पालिका परिषद इन्हें रेगुलेट करेंगी। वर्तमान में राज्य में 44 स्लाटर हाउस ऐसे हैं जिनका संचालन नगर निगम और नगर पालिका परिषद करती हैं। केंद्रीय विधान पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम 1960 तथा उसके तहत बनाएगएनियम जैसे पशुओं के प्रति क्रूरता का निवारण (वधशाला) नियम 2001 नगरीय क्षेत्र में पशु वधशाला को छोड़ अन्य किसी जगह पशुओं का वध प्रतिबंधित करता है।

**अमरोहा समेत 24 जिलों में स्थायी लोक अदालतें:** प्रदेश कैबिनेट ने तीसरे चरण में 24 जिलों में स्थाई लोक अदालतों के गठन का निर्णय लिया है। प्रत्येक लोक अदालत में कार्य करने के लिए एक अध्यक्ष, दो सदस्य, एक पेशकार, एक आशुलिपिक ग्रेड-2 तथा एक चपरासी के पद होंगे। ये स्थाई लोक अदालतें जन उपयोगी सेवाओं के मामले में स्थाई एवं नियमित रूप से सिविल न्यायालयों की तरह काम करेंगी। केंद्र व राज्य सरकार जनहित में जन उपयोगी सेवाओं को अधिसूचित करती है।

फैसले के अनुसार अंबेडकरनगर, भदोही, फर्रूखाबाद, फतेहपुर, फिरोजाबाद, गौतमबुद्धनगर, गाजीपुर, हमीरपुर, जालौन, जौनपुर, अमरोहा, कौशाम्बी, लखीमपुर खीरी, हाथरस, महराजगंज, महोबा, मऊ, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर, सोनभद्र, औरैया, बागपत, संतकबीरनगर व कासगंज में स्थाई लोक अदालतों का गठन एवं पदों का सृजन किया जाना है।

### एनएचएआई के साथ एग्रीमेंट को मंजूरी

कैबिनेट ने प्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास के लिए केंद्र व राज्य सरकार के बीच ह्यअम्ब्रेला स्टेट सपोर्ट एग्रीमेंटह्न पर अपनी सहमति दे दी है। केंद्र सरकार देश के सभी राज्यों के साथ यह एग्रीमेंट कर रही है। माना जा रहा है कि इससे राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास में आने वाली बाधाएं दूर होंगी और इसके कार्य ज्यादा तेजी से किए जा सकेंगे।

### माडल शाप में बैठकर पी जा सकेगी शराब

प्रदेश की माडल शाप में अब बैठकर शराब पीने के मामले में पेश आ रही कानूनी अड़चन दूर कर ली गई है। बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस बाबत निर्णय लिया गया। दरअसल, इस मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पिछले साल 22 सितम्बर को एक मामले में आदेश पारित किया था कि माडल शाप के परिसर में शराब का उपभोग संयुक्त प्राप्त आबकारी अधिनियम –1910 की धारा 24–क के प्रतिकूल है। अखिल भारतीय सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय परिषद की इस जनहित याचिका पर हाईकोर्ट इलाहाबाद द्वारा दिए गए उपरोक्त फैसले में यह भी कहा गया था कि अगर प्रदेश सरकार माडल शाप परिसर में मदिरा का उपभोग करवाना चाहती है तो उसे अधिनियम में आवश्यक व्यवस्था करनी होगी।

**Jubilant Life Sciences Limited**

JUBILANT LIFESCIENCES

Regd. Off.: Bhartiagram, Gajraula, District Amroha - 244 223 (U.P.) | CIN : L24116UP1978PLC004624
Website: www.jubl.com | Email: investors@jubl.com | Tel: +91-5924-252353-60 | Fax: +91-5924-252352

**Extract of Consolidated Unaudited Results for the Quarter and Nine Months ended 31 December 2017**

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31 December (Unaudited) 2017 | 30 September (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 March (Audited) 2017 |
| Total revenue from operations | 206776 | 164204 | 149164 | 530585 | 436490 | 600632 |
| Net Profit before tax, exceptional and extraordinary items | 26118 | 16813 | 16610 | 63252 | 57754 | 73764 |
| Net Profit before tax (after exceptional and extraordinary items) | 26118 | 16813 | 16610 | 63252 | 57754 | 73764 |
| Net Profit after tax, exceptional and extraordinary items | 21284 | 12547 | 11811 | 48202 | 42559 | 57462 |
| Total comprehensive income after tax (comprising profit/(loss) for the period after tax and other comprehensive income after tax) | 17192 | 20563 | 10828 | 56073 | 40427 | 51692 |
| Equity share capital | 1558 | 1557 | 1557 | 1558 | 1557 | 1557 |
| Reserves (excluding revaluation reserve) | | | | | | 342047 |
| Earnings per share of ₹ 1 each before and after extraordinary items (Not annualized) | | | | | | |
| Basic (₹) | 13.64 | 8.23 | 7.66 | 31.31 | 27.30 | 36.93 |
| Diluted (₹) | 13.64 | 8.23 | 7.66 | 31.31 | 27.28 | 36.91 |

1. The Company has opted to publish consolidated unaudited results for the year ending 31 March 2018. The standalone unaudited results are available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com. Key standalone financial information of the Company is as under:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31 December (Unaudited) 2017 | 30 September (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 March (Audited) 2017 |
| Total revenue from operations | 93383 | 73448 | 63801 | 237858 | 186305 | 262298 |
| Profit before tax | 14323 | 7827 | 1700 | 24891 | 8418 | 11452 |
| Net profit after tax | 9788 | 5688 | 826 | 17705 | 5336 | 7919 |

2. Sales/Income from operations (included in total revenue from operations) for the current period and immediately preceding quarter is not comparable with previous periods since the same is net of Goods and Services Tax (GST) whereas excise duty formed part of expenses in previous periods.

The comparative sales/income from operations of the Company is given below:

(₹ in Lakhs)

| Particulars | Quarter Ended | | | Nine Months Ended | | Year Ended |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 31 December (Unaudited) 2017 | 30 September (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 December (Unaudited) 2017 | 31 December (Unaudited) 2016 | 31 March (Audited) 2017 |
| Sales/Income from operations (as reported) | 204147 | 162138 | 147223 | 524098 | 430113 | 591016 |
| Less: Excise duty on sales | - | 22 | 3342 | 3997 | 10165 | 14489 |
| Sales/Income from operations (net of excise duty) | 204147 | 162116 | 143881 | 520101 | 419948 | 576527 |

3. The above consolidated unaudited results were, subjected to limited review by the Statutory Auditors of the Company, reviewed by the Audit Committee and approved by the Board of Directors at its meeting held on 17 January 2018.

4. The above is an extract of the detailed format of the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2017 filed with the Stock Exchanges under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format for the consolidated unaudited results for the quarter and nine months ended 31 December 2017 is available under Investor Relations section of our website at www.jubl.com and under Financial Results at Corporates section of www.nseindia.com and www.bseindia.com.

For **Jubilant Life Sciences Limited**

Place : Noida
Date: 17 January 2018

**Hari S. Bhartia**
Co-Chairman & Managing Director

